आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 31.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई।
2— हैदराबाद जगदलपुर रायपुर के बीच निजी एयरलाइंस की विमान सेवा शुरू।
3— नारायणपुर जिले में माओवादियों ने लौह अयस्क से भरी चार ट्रकों में लगाई आग।
4— ईस्टर का पर्व छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

लालकृष्ण आडवाणी—भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू उपस्थित थे।

श्री आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जगदलपुर—रायपुर—विमानसेवा

जगदलपुर अब इंडिगो विमानसेवा की नियमित उड़ान से जुड़ गया है। यह विमान हैदराबाद से जगदलपुर और जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरेगा आज पहले दिन इंडिगो विमान के हैदराबाद से जगदलपुर स्थित मां दन्तेश्वरी विमानतल पहुंचने पर वाटर केनन से जोरदार स्वागत किया गया। विमान ने आज रायपुर के लिए उड़ान नहीं भरी, लेकिन आने वाले समय में इंडिगो की यह विमानसेवा सप्ताह में चार दिन दोपहर बारह बजके पचास मिनट पर रायपुर के लिए उड़ान भरेगी, जो एक बजकर तीस मिनट पर रायपुर पहुंचेगी।

गौरतलब है कि इंडिगो की यह फ्लाईट सप्ताह में सातों दिन जगदलपुर से हैदराबाद के लिए उड़ान भरेगी। वहीं, जगदलपुर से रायपुर के लिए चार दिन सोमवार, मंगलवार, गुरूवार और शुक्रवार को निर्धारित समय पर उड़ान भरेगी।

माओवादी—आगजनी

नारायणपुर जिले में माओवादियों ने लौह अयस्क से भरी चार ट्रकों में आग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग में तीस से पैंतीस की संख्या में माओवादी पहुंचे और वहां पर कार्य में लगे चार ट्रकों को आग के हवाले कर दिया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव
जिले में स्वीप संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें बिना डर और भय के लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भेड़िकला, बघेरा और कलडबरी में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

उधर, सक्ती जिले में स्थित विभिन्न राशन दुकानों में अनिवार्य मतदान संबंधी बैनर लगाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले में जिला पंचायत द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान वोट डालने के लिए शपथ दिलाई। इसी तरह, ग्राम पंचायत बुड़गहन में मनरेगा के श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इसी जिले के पीथमपुर में आयोजित मेले में कल एक अप्रैल को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। मेले में सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को मतदान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

इस बीच, रायपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह ने कालीबाड़ी स्थित जे. आर.दानी स्कूल में संकुल समन्वयकों की बैठक ली और उन्हें अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई।

<u>मतदाता जागरूकता कार्यक्रम–02</u>

वहीं, रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिक शामिल हुए। जिन्हें उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

उधर, मुंगेली जिले के दाउपारा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन के साथ तख्ती लेकर आसपास के लोगों को लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन और उभयलिंगी समुदाय के लोगों को सम्मानित किया।

<u>भाजपा/कांग्रेस–प्रचार</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज केशकाल के हरवेल में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि कांकेर लोकसभा के लोगों ने भाजपा पर विश्वास जताया है। इस बार भी उन्हें उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में यहां की जनता उन पर अपना विश्वास व्यक्त करेगी। श्री साय ने कहा कि पीएससी मामले में सीबीआई जांच शुरू हो गई है और दोषी जल्द ही जेल में होंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वायदों को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में रायपुर से जगदलपुर रेलवे लाइन के विकास पर जोर दिया जाएगा।

इधर, रायपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं और जिलों के प्रभारी पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश सह–प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केन्द्र सरकार की दस साल की वादाखिलाफी और महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और महिलाओं से किए गए वायदे पूरे नहीं करने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

इस बीच, वरिष्ठ नेताओं का भाजपा में प्रवेश भी जारी है। जांजगीर–चाम्पा के पामगढ़ में आयोजित भाजपा के सम्मेलन में पूर्व जनपद अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर आरंग विधायक खुशवंत साहेब, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चन्देल और अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

वहीं, बहुजन समाज पार्टी के केंद्रीय समन्वयक नर्मदा प्रसाद अहिरवार जांजगीर पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अहिरवार ने कहा कि देश में लोगों की सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार पर भी नियत्रंण होना जरूरी है।

गृह मंत्री–घायल युवक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचकर बीजापुर जिले में आईईडी विस्फोट में घायल युवक से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गुड्डू मेकाम नाम का यह युवक आईईडी विस्फोट में बुरी तरह से घायल हो गया था। उसे इसी हालत में माओवादियों ने बंधक बनाकर रखा था। बाद में गंभीर अवस्था में उसे छोड़ दिया। फिलहाल इस युवक का इलाज रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवक के परिजनों को आश्वास्त किया कि वे उनका बेहतर से बेहतर इलाज कराएंगे। उन्होंने माओवादियों से विनाश का रास्ता छोड़कर विकास का मार्ग चुनने की अपील की।

लोकसभा चुनाव–नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी सोनसिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

वहीं, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में ग्यारह अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। इस सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

ईस्टर

ईस्टर का पर्व आज पूरी दुनिया में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मान्यता के अनुसार सलीब पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु ईसा मसीह आज के ही दिन पुनर्जीवित हो गए थे। इस अवसर पर राज्य के सभी गिरजाघरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यहां विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर पर लोगों को बधाई दी है।

दुर्घटना

बिलासपुर जिले के कोटा में एक चारपहिया वाहन के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बेलगहना थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी निवासी एक परिवार के लोग शादी के कार्यक्रम में शामिल होने मटियाडांड जा रहे थे। इसी दौरान कोटा के पास उनका वाहन पलट गया और यह हादसा हो गया। वाहन में करीब चालीस लोग सवार थे।

रंगपंचमी

जांजगीर–चांपा जिले के पीथमपुर गांव में स्थित कलेश्वर नाथ मंदिर में रंग पंचमी पर भगवान शिव की बारात निकाली गई। इसमें देशभर के अलग–अलग अखाड़ो से पहुंचे नागा साधु शामिल हुए। पीथमपुर में काफी सालों से शिव बारात निकालने की परंपरा है। इस अवसर पर गांव में मेला भी लगाया जाता है। इसी जिले के पंतोरा गांव में बरसाना की तरह 'लट्ठमार

होली' मनाने की परंपरा है। इस साल भी रंगपंचमी के अवसर पर गांव में 'लट्ठमार होली' खेली गई।

<u>भाजपा–चुनाव समिति</u>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में चुनाव घोषणा समिति का गठन किया है। इस समिति में अध्यक्ष सहित कुल सत्ताईस सदस्य है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को चुनाव घोषणा समिति का संयोजक और पीयूष गोयल को सह–संयोजक बनाया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चुनाव घोषणा समिति का सदस्य बनाया गया है।

<u>विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप</u>

विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बेलग्रेड, सर्बिया में तीस मार्च से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से खेलने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी हेमराज गुर्जर का चयन किया गया है। हेमराज गुर्जर की इस उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और अधिकारियों ने उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>